वर्ष - 01 | अंक - 250 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 09 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ...

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER




# भारत लगातार दूसरी बार टी 20 विश्व चैंपियन

## फाइनल में न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराया, अहमदाबाद में इतिहास रचा

**भीलवाड़ा फोकस @ अहमदाबाद।**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराकर इतिहास रच दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत के साथ भारत दुनिया की पहली टीम बन गई जिसने लगातार दो टी20 विश्व कप जीते हैं।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूज़ीलैंड के सामने 256 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में न्यूज़ीलैंड की पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों के सामने कीवी बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके।

### बुमराह की घातक गेंदबाजी, प्लेयर ऑफ द मैच बने

फाइनल मुकाबले में जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 15 रन देकर चार विकेट झटके। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में बुमराह ने 14 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### वरुण चक्रवर्ती से आगे निकले बुमराह

फाइनल मुकाबले से पहले विकेटों के मामले में वरुण चक्रवर्ती आगे थे। उनके नाम 13 विकेट थे जबकि बुमराह के खाते में 10 विकेट थे। फाइनल में बुमराह ने चार विकेट लेकर कुल 14 विकेट का आंकड़ा छू लिया। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने एक विकेट लेकर टूर्नामेंट में कुल 14 विकेट पूरे किए। बुमराह ने आठ मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए कम इकॉनमी के साथ यह उपलब्धि हासिल की।

### लगातार दो गेंद पर दो विकेट लेकर पलटा मैच

मैच के 16वें ओवर में बुमराह ने न्यूज़ीलैंड की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर जेम्स नीशम को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मैट हेनरी को पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। बुमराह के पास हैट्रिक का मौका भी बना, लेकिन लॉकी फर्ग्युसन ने अगली गेंद को रोक दिया।

### मैदान पर दिखे भारत के तीन विश्व कप विजेता कप्तान

इस ऐतिहासिक जीत के दौरान एक खास दृश्य भी देखने को मिला जब भारत को टी20 विश्व कप जिताने वाले तीन कप्तान एक साथ दिखाई दिए। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा स्टैंड में बैठकर मैच का आनंद ले रहे थे, जबकि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने खिताब अपने नाम किया।

भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है और क्रिकेट प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# युवाओं की ताकत से ही बनेगा भारत विश्व गुरुः वसुंधरा राजे

## जयपुर सम्मेलन में बोलीं AI और क्वांटम तकनीक में आगे रहना होगा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान की जनता का प्यार ही उनके लिए सबसे बड़ा पद है। राजनीति में हर व्यक्ति पद की इच्छा रखता है, लेकिन यदि काम अच्छा किया जाए तो पद अपने आप व्यक्ति के पास आ जाता है।

राजे जयपुर में आयोजित ‘सशक्त युवा सशक्त राष्ट्र’ सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने युवाओं से प्रदेश और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी नई तकनीकों की समझ बेहद जरूरी है। जो देश इन तकनीकों में आगे रहेगा, वही भविष्य में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को कमजोर करता है। समाज को इस बुराई से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।राजे ने कहा कि यदि भारतीय मूल के लोग दुनिया भर में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं तो राजस्थान के युवा भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वे मानव पूंजी के श्रेष्ठ उदाहरण हैं। राजस्थान के युवा विदेशों में अपनी पहचान बना रहे हैं तो प्रदेश में रहकर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि निर्णय प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। स्वीडन, जापान और जर्मनी जैसे देशों ने युवाओं में निवेश कर ही प्रगति हासिल की है और भारत भी इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

वसुंधरा राजे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि अपार शक्ति भारत के युवाओं के भीतर है। आज देश में इनोवेशन, इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप की नई धारा का नेतृत्व भी युवा ही कर रहे हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है, जो युवाओं की प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है।

# खेत से 8400 अफीम के पौधे जब्त, आरोपी फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



गंगापुर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक खेत से अफीम के 8400 अवैध हरे पौधे मय डोडे जब्त किए हैं। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कार्रवाई गंगापुर थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई ।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगापुर थाना क्षेत्र के ग्राम डेलाना में नारायण लाल जाट अपने खेत में गेहूं और जौ की फसल के बीच अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस की भनक लगते ही अपने घर से फरार हो गया।

पुलिस ने खेत की तलाशी ली तो करीब 1000 वर्ग फीट क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती पाई गई। मौके से 8400 अफीम के हरे पौधे मय डोडे जिनका कुल वजन 125.96 किलोग्राम था, जब्त किए गए।

पुलिस फरार आरोपी नारायण लाल पुत्र पन्नालाल जाट निवासी डेलाना की तलाश में जुटी हुई है।

# सास से नाराज दामाद ने कैंची से काटी नाक, कटा हिस्सा लेकर फरार

## थाने में रिपोर्ट देने जा रही थी महिला, रास्ते में किया हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ जालोर।**





जिले के सरवाना थाना क्षेत्र में सास से नाराज दामाद ने कैंची से हमला कर उसकी नाक काट दी और कटा हुआ हिस्सा लेकर मौके से फरार हो गया। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। घायल महिला को पहले सांचौर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे गुजरात के मेहसाणा अस्पताल रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार भीमगुड़ा के जंभेश्वर नगर प्रभाणियों की ढाणी निवासी सोहनलाल पुत्र भंवरलाल कड़वासरा की शादी करीब छह साल पहले डूंगरी के केआर बंधा कुआं निवासी बाबूलाल खीचड़ की बेटी सरिता से हुई थी। यह विवाह आटा-साटा प्रथा के तहत हुआ था। पिछले करीब एक साल से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते पत्नी सरिता पति से अलग रह रही थी। इस विवाद को लेकर सामाजिक स्तर पर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका।

घायल कैली देवी ने बताया कि शनिवार दोपहर घर में फिर से झगड़ा हुआ था। विवाद से परेशान होकर वह दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सरवाना थाने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में आरोपी सोहनलाल ने उस पर कैंची से हमला कर दिया और उसकी नाक काट दी। वारदात के बाद आरोपी कटा हुआ हिस्सा लेकर मौके से फरार हो गया।

सरवाना थाना प्रभारी मोहनलाल कुमावत ने बताया कि आरोपी सोहनलाल पारिवारिक विवाद के लिए अपनी सास को जिम्मेदार मानता था। उसका आरोप था कि सास उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काती है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य रामदयाल महाराज का चातुर्मास भीलवाड़ा में

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**मूलचंद पेसवानी**



रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य रामदयाल महाराज का आगामी चातुर्मास इस वर्ष भीलवाड़ा में आयोजित होगा। इसकी विधिवत घोषणा आज अभिजीत मुहूर्त में की गई। जैसे ही चातुर्मास की घोषणा हुई, अनुरागियों और श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

घोषणा के दौरान संत-महात्माओं, संप्रदाय के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अशोक अजमेरा को परंपरानुसार गोटका जी प्रदान किया गया।

भक्तों ने आचार्य श्री के चातुर्मास भीलवाड़ा में होने को क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक सौभाग्य बताया। श्रद्धालुओं का कहना है कि आचार्य के सान्निध्य में चातुर्मास के दौरान धार्मिक प्रवचन, सत्संग, भजन-कीर्तन और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे क्षेत्र में धर्म और संस्कृति का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा।

इसी के साथ रामस्नेही संप्रदाय का 260वां महोत्सव भी विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया। महोत्सव के दौरान कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

आयोजकों के अनुसार चातुर्मास के दौरान भीलवाड़ा में देशभर से संत-महात्मा और श्रद्धालु पहुंचेंगे। इससे शहर में धार्मिक वातावरण बना रहेगा और विभिन्न आध्यात्मिक आयोजनों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी।

# पति की हत्या के बाद पत्नी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में बुजुर्ग की हत्या और उसकी पत्नी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पहले बीच-बचाव करने आए 52 वर्षीय बुजुर्ग पति से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और बाद में उसकी 48 वर्षीय पत्नी को जबरन अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने पीछा कर खेत से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार घटना 3 मार्च को सामने आई थी, जब सूचना मिली कि इलाके में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को बुजुर्ग मृत अवस्था में मिला, जबकि उसकी पत्नी के साथ पास के घर में दुष्कर्म किए जाने की बात सामने आई। जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। इसी दौरान बुजुर्ग दंपती बीच-बचाव करने के लिए वहां पहुंचे। इस पर आरोपी ने गुस्से में आकर दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी महिला को जबरन अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया और मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी बंद कर दिया, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और डिप्टी माधव उपाध्याय के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने मुखबिर तंत्र और परंपरागत तरीकों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी दूसरे राज्य में भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे उसके घर के पास स्थित खेतों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की आगे की जांच कर रही है।

# एनडीपीएस एक्ट में बड़ी कार्रवाईः भीलवाड़ा पुलिस ने 28 वांछित तस्करों को किया गिरफ्तार

## विशेष अभियान में अंतरराज्यीय स्तर की 10 टीमें गठित, कई इनामी आरोपी भी पकड़े

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अभियान के दौरान विभिन्न जिलों व राज्यों में फरार चल रहे 28 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में कई इनामी अपराधी भी शामिल हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर लंबे समय से फरार चल रहे मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के नेतृत्व में तथा पुलिस निरीक्षक राजुराम काला के पर्यवेक्षण में किया गया। इसके तहत अंतरराज्यीय और राज्य स्तर पर 10 विशेष टीमों का गठन किया गया।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की वाणिज्यिक मात्रा में तस्करी करने वाले तथा विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 18 फरवरी से अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने गोपनीय मानवीय आसूचना और तकनीकी सहयोग के आधार पर राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित अन्य राज्यों में दबिश देकर कुल 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में एक आरोपी पर 15 हजार रुपए, 9 आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए तथा 14 आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित प्रकरणों में कार्रवाई की जा रही है।

# शीतला सप्तमी पर चारभुजा नाथ मंदिर में होगा ठाकुर जी संग रंग महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी।** पंडेर के प्रसिद्ध श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में शीतला सप्तमी के अवसर पर बुधवार को ठाकुर जी के साथ रंग महोत्सव मनाया जाएगा, वहीं मंगलवार को राधा पोवा का आयोजन होगा।

पवन पाराशर ने बताया कि श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में ग्रामवासियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुर जी संग रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

पाराशर ने बताया कि रंग महोत्सव के दौरान श्री चारभुजा सेवा समिति द्वारा करीब दो क्विंटल गुलाल, एक क्विंटल गुलाब, इत्र और केसर से ठाकुर जी के साथ होली खेली जाएगी। आयोजन को लेकर युवाओं सहित ग्रामीणों में उत्साह और हर्ष का माहौल बना हुआ है।

# धनघर गाडरी समाज आम चौखला की बैठक आयोजित, नई सेवा समिति का गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**



**(रोशन)।** चंवरा हनुमानजी मंदिर परिसर में रविवार को धनघर गाडरी समाज आम चौखला की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज में एकता और जागरूकता बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही झरना महादेव सेवा समिति, कोटाज श्याम सेवा समिति एवं हरणी महादेव सेवा समिति द्वारा लिए गए निर्णयों का उपस्थित समाजबंधुओं ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

इस अवसर पर सिंगोली श्याम गाडरी समाज सेवा समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति में महेंद्र गाडरी (खटवाड़ा) को अध्यक्ष, भंवरलाल गाडरी (जीवा का खेड़ा) को उपाध्यक्ष, भेरूलाल गाडरी (सुरास) को सचिव, शिवकुमार गाडरी (गेगा का खेड़ा) को सहसचिव, सोहन गाडरी (खारों का खेड़ा) को कोषाध्यक्ष, अजय गाडरी (बड़लियास) को मंत्री, शंकर गाडरी (हिंगोनिया) को महामंत्री, भंवर गाडरी (सुरास) को शिक्षा मंत्री, विनोद गाडरी (बरूंदनी) को प्रकोष्ठ प्रभारी, रामलाल गाडरी (मुरलिया) को सोशल मीडिया प्रभारी तथा रामेश्वर गाडरी (खारों का खेड़ा) को संरक्षक बनाया गया।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने नवगठित समिति को समाज हित में कार्य करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया।

# खेत में अफीम व गांजे की अवैध खेती का भंडाफोड़ , 408 अफीम व 60 गांजे के पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

करेडा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खेत में अफीम और गांजे की अवैध खेती करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 408 अफीम के पौधे वजन 14 किलो 580 ग्राम तथा 60 गांजे के पौधे वजन 21 किलो 220 ग्राम जब्त किए हैं। जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में एएनटीएफ प्रभारी उप निरीक्षक अयूब मोहम्मद सहित गठित पुलिस टीम द्वारा किया गया ।

पुलिस में बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बागजणा में एक खेत पर अवैध रूप से अफीम और गांजे की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी गोपी रावल (70) पुत्र मोड़ा रावल निवासी बागजणा, करेडा को अवैध खेती करते हुए पकड़ा गया।

पुलिस ने मौके से 408 अफीम के पौधे और 60 गांजे के पौधे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# अफीम व अवैध खेती के साथ आरोपी गिरफ्तार

## 103 ग्राम अफीम व 294 अफीम के पौधे जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

करेडा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अफीम अपने कब्जे में रखने और अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 103 ग्राम अफीम तथा 294 अफीम के पौधे वजन 16 किलो 300 ग्राम जब्त किए हैं। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 33 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया की थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केमरी में एक खेत पर अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी श्याम लाल भील (40) पुत्र हेमाराम भील निवासी केमरी, आमदला थाना करेडा जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 103 ग्राम अफीम बरामद की तथा खेत में उगाए गए 294 अफीम के पौधे जब्त कर लिए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शूरू कर दी गई है।

# खारी नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)।** फुलिया कलां पुलिस ने खारी नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किए हैं। मामले में पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के चार प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी भवानी सिंह (प्रशिक्षु आरपीएस) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खारी नदी के विभिन्न हिस्सों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान ग्राम बागथला के पास तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा ग्राम खेड़ाहेतम के पास एक ट्रैक्टर-लोडर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए।

पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया और मामले की सूचना माइनिंग विभाग को दे दी। वहीं वाहन मालिकों की तलाश की जा रही है।

# भाजपा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला कार्यशाला आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला कार्यशाला आज 9 मार्च को सुबह 11 बजे भाजपा प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यशाला में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रशिक्षण जिला टोली, मण्डल टोली, मोर्चा जिलाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक, सह संयोजक, मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माणा घाट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माणा घाट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' है, जो उदारता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो समाज का समग्र विकास होता है। इस दौरान महिलाओं को परियोजना के अंतर्गत बनाए जा रहे एफएसटीपी के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता प्रहलाद गुलपारिया ने महिलाओं को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने, नगर पालिका की गाड़ियों में अलग डालने तथा ठोस-तरल कचरा निस्तारण और जीरो वेस्ट के बारे में जानकारी दी।




QUICK BITES

## फूलडोल की भक्ति में सेवा का संगम, विद्यार्थियों को बांटे बिस्किट

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचन्द पेसवानी**

रामनिवास संप्रदाय के विश्वप्रसिद्ध वार्षिकोत्सव फूलडोल महोत्सव के समापन अवसर पर भक्ति, सेवा और संस्कारों से ओतप्रोत एक प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला। महोत्सव की पावन बेला में कपासन के समाजसेवी बालूराम सोमाणी के तत्वावधान में संप्रदाय के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को बिस्किट्स का वितरण कर अल्पाहार कराया गया। इस सेवा कार्य के दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और श्रद्धा का अनोखा संगम नजर आया।

फूलडोल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ संत-भक्तों की उपस्थिति ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया तथा गुरु वंदना प्रस्तुत कर सभी को आध्यात्मिक भावनाओं से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार और जयशंकर पाराशर भी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का महत्व समझाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के मन में सेवा, समर्पण और धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करते हैं।

## 4 अप्रैल को होगा पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण, बैठक में तैयारियों पर चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**(नरेश धाकड़)**। विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 4 अप्रैल को मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की अध्यक्षता में हुई। इसमें कार्यक्रम के लिए विशाल टेंट, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए टेंडर जारी किए गए। साथ ही विधानसभा क्षेत्र एवं जिला स्तरीय मीडिया को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी पत्रकार भंवर धाकड़, नरेश धाकड़ और अर्जुन धाकड़ को दी गई। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी एडवोकेट पंकज धाकड़ और अनिल धाकड़ को सौंपी गई। अन्य कार्यों के लिए आगामी बैठक में जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दीपशिखा धाकड़ की मौजूदगी में केक काटकर महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारी, ट्रस्टी एवं कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# दो गज जमीन भी नसीब नहीं: लक्ष्मीखेड़ा का मोक्षधाम बना ग्रामीणों की पीड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**(नरेश धाकड़)** उपखंड क्षेत्र की लक्ष्मीखेड़ा पंचायत में स्थित मोक्षधाम आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। जिस गांव में लोग पूरी जिंदगी बिताते हैं, वहीं मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए भी उन्हें सम्मानजनक व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। गांव का मोक्षधाम खाल के पास स्थित होने के कारण अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए करीब आधा किलोमीटर दूर कच्ची पगडंडी और चट्टानों के बीच से होकर खाल पार करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। पगडंडी पर कीचड़ जमा हो जाता है और चट्टानों के बीच पानी भर जाने से शव को श्मशान घाट तक पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाता है। कई बार ग्रामीणों को पानी में उतरकर अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ता है।

मोक्षधाम में छाया, पानी और बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां तक कि शव रखने के लिए चबूतरा भी नहीं बना हुआ है। चारदीवारी नहीं होने के कारण मवेशी और जंगली जानवर भी यहां घूमते रहते हैं। अंतिम संस्कार या तीये की रस्म के दौरान भी ग्रामीणों को पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं स्वयं ही करनी पड़ती हैं।

ग्रामीण रामफूल धाकड़ ने बताया कि लक्ष्मीखेड़ा की आबादी दो हजार से अधिक है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और ग्राम पंचायत की ओर से मोक्षधाम की स्थिति सुधारने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि मोक्षधाम के विकास पर आज तक एक रुपया भी सरकारी खर्च नहीं हुआ है।



बरसात के समय हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाल में पानी भरने पर कई बार दाह संस्कार और तीये की रस्म समय पर पूरी नहीं हो पाती। ग्रामीणों को पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं, खाल में अधिक पानी होने पर अंतिम संस्कार की राख और अस्थियां तक बह जाने का डर बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि मोक्षधाम में टीनशेड, चबूतरा, पानी की व्यवस्था और चारदीवारी जैसी बुनियादी सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गांव के लोगों को अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लक्ष्मीखेड़ा मोक्षधाम का शीघ्र विकास कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार की सुविधा मिल सके।

# OBC सूची में 'वैष्णव' नाम जोड़ने की मांग, समाज ने विधायक लालाराम बैरवा को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**किशन ।** शाहपुरा और फुलिया कलां क्षेत्र के वैष्णव समाज के वरिष्ठ पंडितों और प्रतिनिधियों ने विधानसभा क्षेत्र के विधायक लालाराम बैरवा से भेंट कर राजस्थान की OBC सूची में अपने समुदाय का नाम 'वैष्णव' दर्ज कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए विधानसभा में उठाएं, ताकि समाज के युवाओं और परिवारों को शिक्षा, आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान का वैष्णव समाज पीढ़ियों से धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है। समाज के लोग मुख्य रूप से भगवान विष्णु और उनके अवतारों की उपासना, मंदिरों में पूजा-पाठ, धार्मिक कर्मकांड, भजन-कीर्तन, यज्ञ और समाज मार्गदर्शन जैसे कार्यों में निरंतर



योगदान देते आ रहे हैं। समाज की प्रमुख उपजातियों में बैरागी, साध, साधु और स्वामी शामिल हैं।

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि लगभग 75 प्रतिशत लोग अपने नाम के साथ 'वैष्णव' शब्द का उपयोग करते हैं, जबकि बैरागी, साध, साधु और स्वामी जैसे उपनामों के प्रमाणित दस्तावेज बहुत कम लोगों के पास उपलब्ध हैं। ऐसे में ह्क्ष्ट सूची में केवल 'बैरागी' नाम दर्ज होने के कारण समाज के अधिकांश लोगों को शिक्षा, स्कूल-कॉलेज में प्रवेश, सरकारी योजनाओं तथा राज्य और केंद्र की नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि कई पुजारी और धार्मिक कर्मकांड कराने वाले लोगों के पास भूमि या धोली भूमि से संबंधित दस्तावेज नहीं होते, क्योंकि यह भूमि भगवान की सेवा के लिए होती है और व्यक्तिगत संपत्ति नहीं मानी जाती। ऐसे मामलों में प्रमाणित दस्तावेजों के अभाव में प्रशासनिक प्रक्रियाओं में समाज के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

समाज ने बताया कि इन कारणों से युवाओं को शिक्षा और आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि पुजारी और धार्मिक सेवक सरकारी योजनाओं और सामाजिक कल्याण सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। साथ ही समाज की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान भी दस्तावेजों में सही रूप से दर्ज नहीं हो पाती, जिससे बच्चों के प्रमाण-पत्र, प्रवेश और भविष्य को सुरक्षित करने में गंभीर बाधाएँ आती हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक से विशेष रूप से ह्क्ष्ट सूची में 'वैष्णव' नाम जोड़ने और इस विषय को विधानसभा में उठाने की मांग की, ताकि समाज की पहचान सुरक्षित हो और भविष्य में शिक्षा, आरक्षण तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान वैष्णव समाज तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश वैष्णव रघुराजपुरा, नगर अध्यक्ष देवेंद्र वैष्णव, मिश्री दास वैष्णव, सत्यनारायण वैष्णव प्रतापपुरा, महावीर वैष्णव, किशन वैष्णव खामोर, बसंत वैष्णव, चीनू वैष्णव, मोनू राज वैष्णव सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, गंगवाल अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। गणिनी श्रमणी आर्यिका 105 विज्ञा माताजी ससंघ के सान्निध्य में आयोजित इस समारोह में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सुपार्श्वनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जबकि मंगलाचरण त्रिशला महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल सहित समस्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को विधिवत शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों ने देव, शास्त्र और गुरु को साक्षी मानकर समाज की एकता बनाए रखने, संगठन को सुदृढ़ करने तथा धार्मिक और सामाजिक





गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा पूर्व अध्यक्ष राकेश पाटनी सहित पूर्व कार्यकारिणी का सम्मान भी किया गया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने सुपार्श्वनाथ जिनालय की स्थापना से जुड़े श्रावक-श्राविकाओं को स्मरण करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ने अपने उपदेश में कहा कि समितियाँ आती-जाती रहती हैं, लेकिन समाज की एकता और सक्रिय सहभागिता हमेशा बनी रहनी चाहिए।

समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर अरुण जैन, संरक्षक वृद्धिचंद बडजात्या, विमल छाबड़ा, निर्मल जैन, सुमति अजमेरा, भागचंद काला, गुणमाला बडजात्या, जीतो भीलवाड़ा के मनीष शाह, प्रदीप गदिया, नरेश पाटोदी, जम्बू भैंसा, नरेश गोधा, प्रवीण चौधरी, अशोक कांटीवाल, भेरू लाल बडजात्या, सुरेश दलाल, पूनम सेठी, सोहनलाल गंगवाल सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, उपाध्यक्ष नवीन काला व सुरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कैलाश शाह, सह-कोषाध्यक्ष राजेश ठग, संगठन मंत्री पारस शाह, संयुक्त मंत्री पारस झांझरी, जनसंपर्क मंत्री मुकेश गदिया व संजय छाबड़ा तथा सदस्य माणकचंद बाकलीवाल, नवीन काला, सुनील कटारिया और नेमीचंद गोधा शामिल हैं।

# लाडो सेवा फाउंडेशन ने पूरे किए सात वर्ष, सात सामाजिक संकल्प लिए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय लाडो सेवा फाउंडेशन ने अपने सात वर्ष पूर्ण कर आठवें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर संस्था ने मानवता की सेवा को आगे बढ़ाते हुए सात सामाजिक संकल्प घोषित किए।

संस्था द्वारा रोटी बैंक के माध्यम से अन्न सेवा, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर,



जरूरतमंदों को राशन वितरण, सेवा रत्न सम्मान समारोह, जरूरतमंद बालिकाओं को शिक्षण सामग्री, लाडो सेवा संसद, युवा नेतृत्व शिविर, स्वच्छता व पौधारोपण अभियान तथा सेवा नवाचार प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संस्था के संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि लाडो सेवा फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करना है तथा आने वाले समय में सेवा कार्यों का विस्तार किया जाएगा।

# भारत बना टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन, 96 रन से न्यूज़ीलैंड को हराया; बिजोलिया में बिग स्क्रीन पर दिखा रोमांच

## तपोदय तीर्थ में 300 लोगों ने साथ देखा फाइनल, जीत के बाद कस्बे में आतिशबाजी और जश्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**शुभम जैन** । भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96 रन से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक मुकाबले को लेकर कस्बे में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कस्बे के पार्श्वनाथ स्थित तपोदय तीर्थ क्षेत्र में बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच का सीधा प्रसारण किया गया, जहां करीब 300 से अधिक क्रिकेट प्रेमियों ने एक साथ बैठकर फाइनल मैच का आनंद लिया।

फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह भारत ने मुकाबला 96 रन से जीतकर टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

तपोदय तीर्थ में लगे बिग स्क्रीन पर मैच देखने पहुंचे लोगों में पूरे मुकाबले के दौरान जबरदस्त उत्साह रहा। हर चौके-छक्के और विकेट पर दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। भारत की जीत के लिए कई लोग प्रार्थना करते भी नजर आए।

जैसे ही भारतीय टीम की जीत पक्की हुई, तपोदय तीर्थ परिसर में मौजूद लोग खुशी से झूम उठे। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद कस्बे में जगह-जगह आतिशबाजी की गई। युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए जश्न मनाया और कई स्थानों पर देर रात तक पटाखे फोड़कर जीत का उत्सव मनाया गया।

# नवकार मंत्र का संदेश लेकर बिजौलियां पहुंची रथ यात्रा, तपोदय तीर्थ में हुआ अभिनंदन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**शुभम जैन** । विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में जैन दर्शन के मूल मंत्र नवकार मंत्र की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही नवकार रथ यात्रा का नगर एवं श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पर विराजमान दिगंबर मुनि वैराग्य सागर महाराज एवं सुप्रभ सागर महाराज का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने रथ का अभिनंदन कर श्रद्धा व्यक्त की।

जीतो राजस्थान की ओर से आयोजित इस प्रदेशव्यापी यात्रा का उद्देश्य विश्व शांति, सौहार्द और मानवीय सामंजस्य का संदेश देना है। इस अवसर पर मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व पर युद्ध का साया मंडरा रहा है और चारों ओर अशांति का वातावरण है। ऐसे समय में नवकार मंत्र के माध्यम से समस्त प्राणियों के सुख-शांति की कामना की जानी चाहिए तथा पूरे विश्व में अहिंसा की स्थापना होनी चाहिए।

पूज्य संघ ने आगामी 9 अप्रैल को विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक समाजजनों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर नवकार मंत्र के जप के माध्यम से विश्व शांति की कामना करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जैन समाज के लाभचंद पटवारी, पंकज हरसौरा, अनिल नागौरी, श्रीपाल नलवाया, अनिल गोधा, नरेंद्र चावत, अमित ठग, हेमंत ठोला, रूपलाल गोधा, सुमित सेठिया, राजेश बगड़ा, करण नलवाया, विमल बाकलीवाल, राजेंद्र सेठिया सहित महिला मंडल की कई सदस्याएं एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जोगणिया माता में रावणा राजपूत समाज की बैठक, सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**रमेश गुर्जर** । जोगणिया माता स्थित समाज धर्मशाला में रविवार को रावणा राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी डाबी ने की।

बैठक में आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा समाज में अधिक से अधिक वर-वधु जोड़ों का पंजीयन कराने और सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। इस दौरान सूचना पत्र, बैनर और फ्लेक्स का वितरण भी किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए वर-वधु जोड़ों का पंजीयन आगामी 31 मार्च तक किया जाएगा।

सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर 10-10 सदस्यों की अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। इनमें अतिथि सत्कार, भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, सामान क्रय व्यवस्था, मंडप-पंडित व्यवस्था, निमंत्रण पत्र वितरण, बिजली व्यवस्था, बैंड व्यवस्था, पूछताछ कंट्रोल रूम, मातृशक्ति व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, मंच व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य समितियां बनाई गई और उनकी जिम्मेदारियां तय की गई।

बैठक में आयोजन समिति के संरक्षक दलपत सिंह सांखला, कालू सिंह सोलंकी, बालू सिंह देवड़ा, मनोहर सिंह भाटी, छोटू सिंह हाड़ा सहित अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी डाबी, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, विक्रम सिंह चौहान, सचिव हिम्मत सिंह भाटी, महेंद्र सिंह सोलंकी धारला, महामंत्री शंभू सिंह गहलोत, भेरू सिंह राठौड़ सहित शंभू सिंह चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'डब्ल्यू-26 विजुअल आर्ट एक्जीबिशन' का शुभारंभ



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में 'डब्ल्यू-26 विजुअल आर्ट एक्जीबिशन' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन दीपिका आर्ट एकेडमी, नवदीप व नेशनल आर्टिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें देश-विदेश के कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं।

आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम में बांगड़ हॉस्पिटल की सीईओ दिव्या बांगड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विशेष अतिथियों में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्रीष्मा शर्मा, स्पोर्ट्स प्लेयर एवं कोच पूजा गलुंडिया, कथक गुरु रिंकी मिश्रा, विद्या कॉलेज की प्राचार्य गीता चौधरी तथा श्रद्धा मानसिंहका शामिल रहीं।

अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर कलाकारों की कलाकृतियों का अवलोकन किया और सराहना की। इस दौरान ग्रीष्मा शर्मा ने कहा कि कला समाज को संवेदनशील और सकारात्मक दिशा देती है तथा ऐसे आयोजन कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं।

आयोजक दीपिका ने बताया कि प्रदर्शनी में भारत सहित कई देशों के कलाकारों की पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। यह प्रदर्शनी 8 से 12 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

# एमवाईएम स्ट्राइकर्स ने जीता अरिहंत प्रीमियर लीग सीजन-7 का खिताब



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित अरिहंत प्रीमियर लीग सीजन-7 का फाइनल मुकाबला आज रविवार सुबह महावीर स्कूल ग्राउंड, शास्त्री नगर में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एमवाईएम स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

मंडल अध्यक्ष पंकज लालानी, मंत्री मनीष बड़ोला ने बताया की फाइनल मैच से पूर्व जिले के सांसद दामोदर अग्रवाल ने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस करवाया। फाइनल मुकाबला टीम कप्तान रोहित सामर और जयप्रकाश आंचलिया (जेपी) के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार्स टीम ने 95 रन का लक्ष्य रखा। स्ट्राइकर्स टीम ने शानदार फील्डिंग के दम पर स्टार्स को सीमित स्कोर पर रोक दिया। जवाब में स्ट्राइकर्स टीम ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और अंत में छक्का लगाकर जीत दर्ज की। फाइनल मैच में सौरभ कोठारी को दो महत्वपूर्ण विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरी प्रतियोगिता में कुल 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला खेला गया।

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज हर्षल पोखरना, बेस्ट बैट्समैन प्रियांश पोखरना और बेस्ट बॉलर आकाश आंचलिया रहे। विजेता और उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए।

## QUICK BITES

# नला का माताजी मंदिर में खोला गया दान पात्र, निकले 39 हज़ार रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**नरेश धाकड़** । उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल नला का माताजी मंदिर में मंदिर ट्रस्ट द्वारा दान पात्र खोला गया। दान पात्र की गणना मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में की गई, जिसमें कुल 39 हज़ार 247 रुपए की राशि निकली।

मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि दान पात्र से प्राप्त राशि मंदिर के विकास कार्यों और धार्मिक कार्यक्रमों में उपयोग की जाती है। साथ ही आने वाले नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकें।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकरलाल धाकड़, सदारामजी का खेड़ा पंचायत के प्रशासक कैलाश धाकड़, जीतमल धाकड़, शुभलाल धाकड़, शंकर मेहता, रघुनाथ कराड़, भगवानलाल कराड़, छीतर धाकड़ सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# कोली समाज महिला मंडल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



वीरांगना झलकारी बाई सभागार में कोली समाज महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने वीरांगना झलकारी बाई और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। अंतिमा सुनारिया ने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

महिला मंडल के नेतृत्व में 12 मार्च को दशा माता पर्व पंचायत भवन कोली मोहल्ला में मनाया जाएगा, जिसमें दीप प्रज्वलन व भजन संध्या तथा 13 मार्च को हवन, दशा माता कथा व आरती का आयोजन पंडित हरिओम शास्त्री के मार्गदर्शन में होगा।

कार्यक्रम में जानकी बच्छापरिया, छोटी देवी, डोली, राजेश्वरी, विशाल, मुक्तेश्वरी, पूजा, पुष्पा, शालू सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# महिला दिवस पर पिता का अनोखा स्नेहः सब्जी बेचने वाले पिता ने मायरे में दिए 15 लाख रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खामोर गांव में पिता के स्नेह और बेटी के सम्मान की अनोखी मिसाल देखने को मिली। गांव निवासी गोपाल तेली, जो सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ने अपनी बेटी रेखा के बेटे (दोहिते) के मुंडन संस्कार के अवसर पर मायरा भरते हुए 15 लाख रुपए नकद भेंट किए।

जानकारी के अनुसार गोपाल तेली अपने पुत्र जीवराज तेली और शिवराज तेली के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गांव से अंगुचा लेकर मायरा भरने पहुंचे। इस दौरान मायरे में नकद राशि के साथ पायजेब की जोड़ी, अंगूठी और कपड़े भी भेंट किए गए।

मायरा भरने के दौरान भावनात्मक माहौल भी देखने को मिला। बेटी रेखा पिता का स्नेह और समर्पण देखकर भावुक हो उठी और उसकी आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पिता-पुत्री के इस अटूट प्रेम की सराहना की।

साधारण जीवनयापन करने वाले गोपाल तेली द्वारा महिला दिवस के दिन बेटी के प्रति दिखाया गया यह स्नेह और सम्मान गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मुंडन संस्कार का कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें गांव और समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# पंडेर में जियो नेटवर्क तीन दिन से ठप, उपभोक्ता परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी** कस्बे में पिछले तीन दिनों से जियो कंपनी का मोबाइल नेटवर्क ठप होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क बंद होने के कारण जियो सिम धारक उपभोक्ता न तो आपस में बात कर पा रहे हैं और न ही इंटरनेट व नेटवर्क बैंकिंग जैसी सेवाओं का लाभ उठा पा रहे हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर में जियो नेटवर्क की स्थिति पहले से ही कमजोर थी, लेकिन पिछले तीन दिनों से पूरी तरह नेटवर्क बंद रहने से लोगों के जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं ने जियो कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि पंडेर स्थित मोबाइल टावर की रेंज बढ़ाई जाए, क्योंकि वर्तमान में आधा किलोमीटर क्षेत्र में भी नेटवर्क सही तरीके से काम नहीं कर रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।